महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

**दूरभाष**:**0151** -2970177 **ई :मेल-**registrar@mgsubikaner.ac.in

# वार्षिक/प्रशासनिक प्रगति प्रतिवेदन

## 2024–25

1. <u>संक्षिप्त इतिहास</u> : बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर की स्थापना बीकानेर विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 (अधिनियम संख्या 13) के राजस्थान राजपत्र विशेषांक भाग 4 (क) दिनांक 07 जून, 2003 के द्वारा हुई। बीकानेर विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 की धारा 4 (1) में अंकितानुसार इस विश्वविद्यालय के कार्यक्षेत्र में बीकानेर संभाग के चार जिले यथा– बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एवं चूरू सम्मिलित हैं। राजस्थान राजपत्र क्रमांक F. 4 (14) Vidhi/2/ 2008 dated October 03, 2008 (राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 02.10.2008) के द्वारा बीकानेर विश्वविद्यालय, बीकानेर का नाम परिवर्तित कर **महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर** किया गया। उल्लेखनीय है कि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में सम्मिलित क्षेत्र का भू–भाग भौगोलिक दृष्टि से रेगिस्तानी एवं पाकिस्तान सीमावर्ती होने के साथ–साथ शैक्षणिक एवं सामाजिक दृष्टि से काफी पिछड़ा हुआ है।

इस विश्वविद्यालय ने अपना औपचारिक कार्य तत्कालीन विशेषाधिकारी श्री एम. एम. व्यास, आर.ए.एस. द्वारा 13.06.2003 को कार्यभार ग्रहण करने के साथ प्रारम्भ किया। प्रथम कुलपति के रूप में प्रो. होशियार सिंह ने 21.08.2003 को कार्यभार ग्रहण किया। विश्वविद्यालय में पदस्थापित नियमित कुलपतियों के कार्यकाल का विवरण निम्नानुसार है :

| क्र.स. | नाम | कब से | कब तक |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रो. होशियार सिंह | 21.08.2003 | 11.01.2006 |
| 2 | डॉ. सी.बी. गेना | 08.08.2006 | 31.05.2009 |
| 3 | प्रो. गंगाराम जाखड़ | 12.12.2009 | 11.12.2012 |
| 4 | प्रो. चन्द्रकला पाडिया | 15.11.2013 | 14.11.2016 |
| 5 | प्रो. भगीरथ सिंह | 04.02.2017 | 03.02.2020 |
| 6 | प्रो. विनोद कुमार सिंह | 29.07.2020 | 29.07.2023 |
| 7 | आचार्य मनोज दीक्षित | 07.08.2023 | लगातार |

विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2024 तक की मुख्य परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित करवाई जा चुकी हैं। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा वर्ष 2021 तक के स्नातक, स्नातकोत्तर परीक्षाओं में सफलतम अभ्यर्थियों एवं 01 जनवरी, 2021 से 31 दिसम्बर, 2021 तक शोध कार्य पूर्ण करने वाले शोधार्थियों को दीक्षान्त समारोह आयोजित कर उपाधि प्रदान की जा चुकी है।

विश्वविद्यालय की स्थापना के समय महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर से सम्बद्धता प्राप्त 67 महाविद्यालय, इस विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में स्थानान्तरित हुए। कालांतर में निजी महाविद्यालयों की संख्या में तीव्रता से वृद्धि हुई तथा वर्तमान में 500 महाविद्यालय विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है जिनमें से 64 राजकीय एवं 436 निजी महाविद्यालय हैं। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2011–12 से पांच विभाग यथा– इतिहास, अंग्रेजी, पर्यावरण विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान एवं कम्प्यूटर

विज्ञान संचालित हैं तथा सत्र 2019–20 से विधि, भूगोल, वाणिज्य एवं प्रबन्धन तथा फाइन आर्ट्स (ड्रॉइंग एण्ड पेन्टिग) प्रारम्भ किये गए। राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2021–22 में तीन नवीन विभाग यथा लेखा और व्यवसाय, आर्थिक प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन एवं मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन खोलने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

विश्वविद्यालय में निम्नलिखित नवीन शोधपीठ/सेन्टर्स का गठन किया गया है जो क्षेत्र के शैक्षणिक विकास में सहायक सिद्ध हो रहे हैं :

शोधपीठ : (गठन– 2021)

1. महात्मा गांधी शोधपीठ
2. स्वामी विवेकानन्द शोधपीठ
3. पं. मदन मोहन मालवीय शोधपीठ
4. महाराजा गंगा सिंह शोधपीठ


सेन्टर्स :

1. पं. मदन मोहन मालवीय सेन्टर फॉर वैल्यू एज्युकेशन
2. सेन्टर फॉर एडवांस स्टडीज़ ऑफ थार डेजर्ट
3. सेन्टर फॉर वूमन स्टडीज
4. डॉ. भीमराव अम्बेडकर सेन्टर फॉर मार्जिनलाईज्ड सोसायटी
5. सेन्टर फॉर एन्टरप्रिन्योरशिप एण्ड स्किल डवलपमेंट
6. सेन्टर फॉर गांधीयन स्टडीज : पीस एण्ड नॉन वॉइलेन्स
7. सेन्टर फॉर म्यूजियम एण्ड डॉक्यूमेंटेशन
8. सेन्टर फॉर इनोवेशन
9. सेन्टर फॉर इन्क्यूबेशन

2. <u>जनशक्ति</u> :

वर्तमान में आचार्य मनोज दीक्षित, कुलपति एवं श्री हरि सिंह मीना (राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारी) कुलसचिव पद पर पदासीन हैं। विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 के प्रावधानानुसार विश्वविद्यालय संगठन का संस्थागत एवं प्रशासनिक ढांचा निम्नानुसार है :–

विश्वविद्यालय संगठन



<u>प्रबन्ध बोर्ड की संरचना</u>

| क्र.स. | नाम | पदनाम | पद | पता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आचार्य मनोज दीक्षित | कुलपति | अध्यक्ष | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 2 | सुश्री सिद्धी कुमारी | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित विधायक सदस्य | सदस्य | लालगढ़ पैलेस, बीकानेर |
| 3 | श्री तारा चंद सारस्वत | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित विधायक सदस्य | सदस्य | बी–15, समता नगर, बीकानेर। |
| 4 | पदेन | सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार | पदेन सदस्य | शासन सचिवालय, जयपुर |
| 5 | पदेन | सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान सरकार | पदेन सदस्य | शासन सचिवालय, जयपुर |
| 6 | पदेन | आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान | पदेन सदस्य | शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर |
| 7 | प्रो. इन्दिरा गोस्वामी | कुलपति द्वारा नाम निर्देशित संकायाध्यक्ष | सदस्य | प्राचार्य, राजकीय एम.एस. कन्या महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 8 | प्रो. अनिल कुमार छंगाणी | कुलपति द्वारा नाम निर्देशित विश्वविद्यालय आचार्य | सदस्य | विभागाध्यक्ष–पर्यावरण विज्ञान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 9. | प्रो. राजाराम चोयल | कुलपति द्वारा नाम निर्देशित विश्वविद्यालय आचार्य | सदस्य | आचार्य–पर्यावरण विज्ञान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर |
| 10 | डॉ. सतपाल स्वामी | कुलपति द्वारा नाम निर्देशित संकायाध्यक्ष | सदस्य | प्राचार्य, गीता टी.टी. कॉलेज, घड़साना। |
| 11 | डॉ. वरूण यादव | माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद् | सदस्य | ए–256, पैरामाउण्ट गोल्फ, फोरेस्ट विला, सेक्टर जेटा–2, ग्रेटर नोएडा (उ.प.) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12 | प्रो. विश्वपति त्रिवेदी | माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद् | सदस्य | द्वारा स्प्रिंग वाया ग्रीन एवेन्यू, वसन्त कुंज, नई दिल्ली |
| 13. | रिक्त | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य | सदस्य | |
| 14. | रिक्त | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित निजी महाविद्यालय प्राचार्य | सदस्य | |
| 15. | रिक्त | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद् | सदस्य | |
| 16. | रिक्त | राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित शिक्षाविद् | सदस्य | |
| 17 | श्री हरि सिंह मीना | कुलसचिव | सदस्य सचिव | |

## <u>विद्या परिषद की संरचना</u>

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आचार्य मनोज दीक्षित | **अध्यक्ष** | कुलपति | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर। |
| 2 | प्रो. राजाराम चोयल | सदस्य | संकायाध्यक्ष–विज्ञान | आचार्य–पर्यावरण विज्ञान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर। |
| 3 | प्रो. अन्नाराम शर्मा | सदस्य | संकायाध्यक्ष–कला | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 4 | डॉ. भगवानाराम बिश्नोई | सदस्य | संकायाध्यक्ष–विधि | प्राचार्य, राजकीय विधि महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 5 | डॉ. पंकज जैन (अतिरिक्त प्रभार) | सदस्य | संकायाध्यक्ष वाणिज्य | प्राचार्य,बी.जे.एस.आर. जैन महाविद्यालय, बीकानेर। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | प्रो. सतपाल स्वामी | सदस्य | संकायाध्यक्ष–शिक्षा | गीता सह शिक्षा टी.टी. कॉलेज, घडसाना। |
| 7 | प्रो. इन्दिरा गोस्वामी | सदस्य | संकायाध्यक्ष–सामाजिक विज्ञान | प्राचार्य, राजकीय एम.एस. कन्या महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 8 | डॉ. पंकज जैन | सदस्य | संकायाध्यक्ष –प्रबन्धन | प्राचार्य, बी.जे.एस.आर. जैन महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 9 | प्रो. राजाराम चोयल | सदस्य | कुलपति मनोनीत सदस्य | आचार्य–पर्यावरण विज्ञान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर । |
| 10 | पदेन | सदस्य | शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग | राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर। |
| 11 | पदेन | सदस्य | आयुक्त, कॉलेज शिक्षा | शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर। |
| 12 | डॉ. स्मिता जैन | सदस्य | संयोजक – वनस्पतिशास्त्र | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 13 | प्रो. ए. के. सक्सेना | सदस्य | संयोजक – रसायनशास्त्र | राजकीय महाविद्यालय, रतनगढ़ (चूरू)। |
| 14 | डॉ. ज्योति लखाणी | सदस्य | संयोजक – कम्प्यूटर विज्ञान | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर। |
| 15 | प्रो. अनिल कुमार छंगाणी | सदस्य | संयोजक –पर्यावरण विज्ञान | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर। |
| 16 | डॉ. देवेश खण्डेलवाल | सदस्य | संयोजक– भूगर्भ विज्ञान | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 17 | प्रो. संजय ईशर | सदस्य | संयोजक– गणित | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 18 | डॉ. गौतम कुमार मेघवंशी | सदस्य | संयोजक–सूक्ष्म जीव विज्ञान | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर। |
| 19 | डॉ. एम.डी. शर्मा | सदस्य | संयोजक–भौतिक विज्ञान | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20 | प्रो. राजेन्द्र पुरोहित | सदस्य | संयोजक–प्राणीशास्त्र | प्राचार्य, राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 21 | डॉ. दिव्या जोशी | सदस्य | संयोजक– अंग्रेजी | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 22 | प्रो. अन्नाराम शर्मा | सदस्य | संयोजक–हिन्दी | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 23 | प्रो. विक्रम जीत | सदस्य | संयोजक– संस्कृत | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 24 | प्रो. सुमित्रा चारण | सदस्य | संयोजक–दर्शनशास्त्र | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 25 | प्रो. नरेन्द्र नाथ | सदस्य | संयोजक – राजनीति विज्ञान | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 26 | प्रो. पुष्पेन्द्र सिंह | सदस्य | संयोजक – भूगोल | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 27 | प्रो. रजनी शर्मा | सदस्य | संयोजक अर्थशास्त्र | राजकीय महारानी सुदर्शन महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 28 | प्रो. अभिलाषा आल्हा | सदस्य | संयोजक– गृह विज्ञान | प्राचार्य, राजकीय महारानी सुदर्शन महाविद्यालय, बीकानेर |
| 29 | प्रो. नरेन्द्र कुमार कुमावत | सदस्य | संयोजक– चित्रकला | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 30 | प्रो. मीनू तंवर | सदस्य | संयोजक–समाजशास्त्र | राजकीय बीआरजी कन्या महाविद्यालय, श्रीगंगानगर। |
| 31 | प्रो. साधना भण्डारी | सदस्य | संयोजक–लोक प्रशासन | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 32 | प्रो. चन्द्रशेखर कच्छावा | सदस्य | संयोजक–इतिहास | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर |
| 33 | डॉ. सी.एस. रंगा | सदस्य | संयोजक–एबीएसटी | राजकीय महारानी सुदर्शन महाविद्यालय, बीकानेर। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 34 | डॉ. राधा सोलंकी | सदस्य | संयोजक—व्यावसायिक प्रशासन | राजकीय महारानी सुदर्शन महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 35 | डॉ. मधु सुदन प्रधान | सदस्य | संयोजक—ई.ए.एफ.एम. | राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू। |
| 36 | प्रो. वी.एन. सिंह | सदस्य | संयोजक – विधि | राजकीय विधि महाविद्यालय, श्रीगंगानगर। |
| 37 | डॉ. सुधीर रूपानी | सदस्य | संयोजक – शिक्षा | राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण—शिक्षा संस्थान, बीकानेर। |
| 38 | डॉ. यशवंत गहलोत | सदस्य | संयोजक—शारीरिक शिक्षा | शारीरिक शिक्षा, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर। |
| 39 | डॉ. आसमा मसूद | सदस्य | संयोजक – उर्दू | राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 40 | डॉ. असीत गोस्वामी | सदस्य | संयोजक – संगीत | राजकीय महारानी सुदर्शन महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 41 | डॉ. धर्मेश हरवानी | सदस्य | संयोजक— जीव प्रौद्योगिकी | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर। |
| 42 | प्रो. अमर सिंह | सदस्य | संयोजक सैन्य विज्ञान | राजकीय एन.डी.बी. महाविद्यालय, नोहर। |
| 43 | डॉ. विजय लक्ष्मी | सदस्य | संयोजक – राजस्थानी | राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 44 | श्रीमती धनवन्तरी बिश्नोई | सदस्य | संयोजक – जी.पी.ई.एम. | राजकीय महारानी सुदर्शन कन्या महाविद्यालय, बीकानेर। |
| 45 | डॉ. संदीप सिंह | सदस्य | संयोजक – पंजाबी | गुरू हर गोविन्द सिंह महाविद्यालय, सी.सी. हैड, पदमपुर |
| 46 | डॉ. देवीशंकर | सदस्य | संयोजक – जे.वी.जे.वी. | राजकीय एस.बी.डी. महाविद्यालय, सरदारशहर। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 47 | डॉ. जलेन्द्र सिंह | सदस्य | संयोजक – मनोविज्ञान | सरस्वती कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बींजभायला। |
| 48 | श्री उमेश शर्मा | सदस्य | संयोजक – पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर। |
| 49 | रिक्त | सदस्य | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य प्राचार्य–राजकीय महाविद्यालय | |
| 50 | रिक्त | सदस्य | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य प्राचार्य– निजी महाविद्यालय | |
| 51 | डॉ. अरविन्द कुमार वाजपेयी | सदस्य | माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा मनोनीत सदस्य | विभागाध्यक्ष, वनस्पति शास्त्र, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, उत्तर प्रदेश। |
| 52 | डॉ. मेघना शर्मा | सदस्य | कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत शिक्षक | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर। |
| 53 | रिक्त | सदस्य | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य | |
| 54 | रिक्त | सदस्य | राज्य सरकार द्वारा मनोनीत सदस्य | |
| 55 | श्री हरि सिंह मीना | सदस्य सचिव | कुलसचिव | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर। |

## अधिकारी

| क्र. स. | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | आचार्य मनोज दीक्षित | कुलपति |
| 2. | श्री हरि सिंह मीना | कुलसचिव |
| 3. | श्री अरविन्द बिश्नोई | वित्त नियंत्रक |
| 4. | डॉ. मेघना शर्मा | अधिष्ठाता–छात्र कल्याण |
| 5. | श्री कुलदीप जैन | सम्पदा अधिकारी |

## स्नातकोत्तर शैक्षणिक विभाग

| क्र.स. | विभाग | नाम | पद |
|---|---|---|---|
| 1. | अंग्रेजी | रिक्त | आचार्य |
| 2. | | रिक्त | सह आचार्य |
| 3. | | रिक्त | सह आचार्य |
| 4. | | डॉ. सीमा शर्मा | सहायक आचार्य |
| 5. | | डॉ. प्रगति सोबती | सहायक आचार्य |
| 6. | | डॉ. संतोष कंवर शेखावत | सहायक आचार्य |
| 7. | पर्यावरण विज्ञान | रिक्त | आचार्य |
| 8. | | प्रो. अनिल कुमार छंगाणी | आचार्य एवं विभागाध्यक्ष |
| 9. | | प्रो. राजाराम चोयल | आचार्य |
| 10. | | डॉ. अनिल कुमार दुलार | सहायक आचार्य |
| 11. | | डॉ. प्रभुदान चारण | सहायक आचार्य |
| 12. | | डॉ. लीला कौर | सहायक आचार्य |
| 13. | सूक्ष्म जीव विज्ञान | रिक्त | आचार्य |
| 14. | | रिक्त | सह–आचार्य |
| 15. | | रिक्त | सह–आचार्य |
| 16. | | डॉ. गौतम मेघवंशी | सहायक आचार्य |
| 17. | | डॉ. धर्मेश हरवानी | सहायक आचार्य |
| 18. | | डॉ. अभिषेक वशिष्ठ | सहायक आचार्य |
| 19. | कम्प्यूटर विज्ञान | रिक्त | आचार्य |
| 20. | | रिक्त | सह–आचार्य |
| 21. | | रिक्त | सह–आचार्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22. | | डॉ. ज्योति लखाणी | सहायक आचार्य |
| 23. | | श्री फौजा सिंह | सहायक आचार्य |
| 24. | | श्री अमरेश कुमार सिंह | सहायक आचार्य |
| 25. | इतिहास | रिक्त | आचार्य |
| 26. | | रिक्त | सह–आचार्य |
| 27. | | रिक्त | सह–आचार्य |
| 28 | | डॉ. मेघना शर्मा | सहायक आचार्य |
| 29. | | रिक्त | सहायक आचार्य |
| 30. | | रिक्त | सहायक आचार्य |
| 31 | विधि | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 32 | | रिक्त | सह आचार्य– 02 पद |
| 32 | | रिक्त | सहायक आचार्य– 08 पद |
| 33 | भूगोल | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 34 | | रिक्त | सह–आचार्य (02 पद) |
| 35 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |
| 36 | वाणिज्य एवं प्रबन्धन | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 37 | | रिक्त | सह–आचार्य (02 पद) |
| 38 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |
| 39 | फाइन आर्ट्स (ड्रॉइंग एण्ड पेन्टिंग) | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 40 | | रिक्त | सह–आचार्य (02 पद) |
| 41 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |
| 42 | लेखा और व्यवसाय | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 43 | | रिक्त | सह–आचार्य (02 पद) |
| 44 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |
| 45 | आर्थिक प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 46 | | रिक्त | सह–आचार्य (02 पद) |
| 47 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |
| 48 | मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन | रिक्त | आचार्य (01 पद) |
| 49 | | रिक्त | सह–आचार्य (02 पद) |
| 50 | | रिक्त | सहायक आचार्य (03 पद) |

विश्वविद्यालय स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पदों की पदवार स्थिति :

1. प्रशासनिक पद

| पद का नाम | नॉन प्लान स्वीकृत पद | विश्वविद्यालय स्वयं की आय से स्वीकृत पद | कुल स्वीकृत पद | भरे हुए पदों की संख्या | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| कुलपति | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 |
| कुलसचिव | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 |
| वित्त नियंत्रक | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 |
| कुल | 3 | 0 | 3 | 3 | 0 |

2.शैक्षणिक पद

| विभाग एवं पद का नाम | | नॉन प्लान स्वीकृत पद | विश्वविद्यालय स्वयं की आय से स्वीकृत पद | कुल स्वीकृत पद | भरे हुए पदों की संख्या | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इतिहास | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 1 | 2 |
| अंग्रेजी | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 3 | 0 |
| सूक्ष्मजीव विज्ञान | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 3 | 0 |
| पर्यावरण विज्ञान | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 2 | 0 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 3 | 0 |
| कम्प्यूटर विज्ञान | आचार्य | 1 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 1 | 2 | 3 | 3 | 0 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विधि | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 8 | 8 | 0 | 8 |
| भूगोल | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| वाणिज्य एवं प्रबन्धन | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| ड्राईग एण्ड पेन्टिंग | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| लेखा और व्यवसाय | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| आर्थिक प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन | आचार्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| | सह आचार्य | 0 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| | सहायक आचार्य | 0 | 3 | 3 | 0 | 3 |
| | **कुल** | **10** | **67** | **77** | **15** | **62** |

3.अशैक्षणिक पद

| पद का नाम | स्वीकृत पद | कार्यरत पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| कुलसचिव (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 1 | 1 | 0 |
| वित्त नियंत्रक (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 1 | 1 | 0 |
| निदेशक शोध | 1 | 0 | 1 |
| परीक्षा नियंत्रक | 1 | 0 | 1 |
| अतिरिक्त कुलसचिव | 1 | 1 | 0 |
| उप कुलसचिव | 4 | 2 | 2 |
| एनालिस्ट कम प्रोग्रामर | 1 | 0 | 1 |
| सहायक कुलसचिव | 6 | 4 | 2 |
| अधिष्ठाता छात्र कल्याण | 1 | 0 | 1 |
| सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष | 1 | 1 | 0 |
| सहायक निदेशक (शारीरिक शिक्षा) | 1 | 1 | 0 |
| सम्पदा अधिकारी | 1 | 1 | 0 |
| प्रोग्रामर | 2 | 0 | 2 |
| जन सम्पर्क अधिकारी | 1 | 0 | 1 |
| निजी सचिव–कुलपति | 1 | 1 | 0 |
| लेखाधिकारी (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 1 | 0 | 1 |
| अनुभाग अधिकारी | 16 | 16 | 0 |
| वरिष्ठ निजी सहायक | 2 | 2 | 0 |
| निजी सहायक | 4 | 1 | 3 |
| स्टेनो ग्रेड–द्वितीय | 5 | 0 | 5 |
| विधि रचनाकार | 1 | 0 | 1 |
| कनिष्ठ विधि अधिकारी (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 1 | 1 | 0 |
| वरिष्ठ तकनीकी सहायक (पुस्तकालय) | 1 | 0 | 1 |
| कम्प्यूटर ऑपरेटर | 2 | 2 | 0 |
| सूचना सहायक/डाटा एण्ट्री ऑपरेटर | 3 | 0 | 3 |
| मैनेजर गेस्ट हाउस | 1 | 1 | 0 |
| सहायक लेखाधिकारी–1 (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 1 | 1 | 0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सहायक लेखाधिकारी–2 (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 1 | 0 | 1 |
| कनिष्ठ लेखाकार (राज्य सरकार द्वारा पदस्थापन) | 4 | 2 | 2 |
| कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल) | 1 | 0 | 1 |
| कार्यालय सहायक | 15 | 11 | 4 |
| वरिष्ठ लिपिक | 29 | 20 | 9 |
| कनिष्ठ लिपिक | 43 | 1 | 42 |
| प्रयोगशाला सहायक | 4 | 3 | 1 |
| तकनीकी सहायक | 6 | 6 | 0 |
| तकनीकी सहायक (ड्राईंग एण्ड पेन्टिग) | 2 | 0 | 2 |
| इलैक्ट्रीशियन | 1 | 0 | 1 |
| प्लम्बर | 1 | 0 | 1 |
| ड्राईवर | 6 | 4 | 2 |
| बुक / रिकार्ड लिफ्टर | 2 | 0 | 2 |
| चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी | 25 | 0 | 25 |
| लेब बॉय | 4 | 0 | 4 |
| **योग** | **206** | **84** | **122** |

3. <u>संचालित संकाय एवं विषयों का विवरण</u> : विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों में संचालित संकाय एवं विषयों का विवरण निम्न प्रकार है :

| संकाय | पाठ्यक्रम / विषय |
|---|---|
| **विज्ञान** | भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, गणित, भू–गर्भ विज्ञान, जैव–प्रौद्योगिकी, सूक्ष्म जीव विज्ञान, कम्प्यूटर विज्ञान, सूचना तकनीकी, सैन्य विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान एवं खाद्य एवं पोषण विज्ञान। |
| **वाणिज्य** | लेखा एवं व्यवसायिक सांख्यिकी, आर्थिक एवं वित्तीय प्रबन्धन एवं व्यवसायिक प्रशासन। |
| **कला** | हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजस्थानी, उर्दू, पंजाबी, संगीत, दर्शनशास्त्र, चित्रकला। |
| **सामाजिक विज्ञान** | लोक प्रशासन, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, परिधान उत्पादन एवं निर्यात प्रबन्धन, जैन विद्या एवं जीवन विज्ञान। |
| **विधि** | एलएल.बी., एलएल.एम., पांच वर्षीय बी. ए. एल एल.बी. इन्टीग्रेटेड एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम। |
| **शिक्षा** | बी.एड., बी.पी.एड., एम.एड., बी.एससी. बी.एड. / बी.ए. बी.एड. (चार वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम, विशेष बी.एड., चार वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम। |
| **प्रबन्धन** | मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन। |

4. वित्तीय वर्ष 2024–25 के आय–व्ययक अनुमान एवं वर्ष 2024–25 के संशोधित अनुमान :–

आय एवं व्यय विवरण – 2024–2025 (बजट)

| आय | | राशि लाखों में |
|---|---|---|
| क्र.स. | अनुदान प्राप्ति के स्रोत | 2024–25 अनुमानित |
| क | राज्य सरकार से | |
| | 1. प्लान | 100.01 |
| | 2. नॉन प्लान | 0.01 |
| | योग क (1+2) | **100.02** |
| ख | विश्वविद्यालय की स्वयं की आय से | 11669.00 |
| ग | एस.एफ.एस से प्राप्त आय | 155.00 |
| | योग (क+ख+ग) | **11924.02** |
| (परीक्षा, सम्बद्धता, खेलकूद, प्रवेश शुल्क एवं बैंक में जमा राशि के ब्याज से विश्वविद्यालय की आय) | | |

| व्यय | | राशि लाखों में |
|---|---|---|
| क्र.स. | खर्चो का मद | 2024–25 अनुमानित |
| क | राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान से व्यय | |
| | 1. प्लान | 214.60 |
| | 2. नॉन प्लान | 0.01 |
| | योग क (1+2) | **214.61** |
| ख | विश्वविद्यालय की आय से व्यय | 18029.90 |
| ग | एस.एफ.एस की आय से व्यय | 105.00 |
| | योग (क+ख) | **18349.51** |

**नोट** :– राज्य सरकार द्वारा Rajasthan Higher Technical Quality Scheme" हेतु कुल अनुदानित राशि 200 लाख आदेश क्रमांक 25(4)शिक्षा–4/2021 पार्ट, जयपुर दिनांक 29.03.2023 के द्वारा स्वीकृत की गई जिसमें से वर्ष 2022–2023 में 100 लाख 30.03.2023 को विश्वविद्यालय के पी.डी. खाता संख्या–7012 (ब्याज सहित) में जमा की गई थी। तकनीकी एवं अन्य अपरिहार्य कारण उक्त राशि खर्च नहीं की जा सकी, खर्च की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। वर्ष 2024–25 में शेष रही अनुदानित राशि रू. 100 लाख का प्रावधान सरकार की स्वीकृति की प्रत्याशा में रखा गया है। साथ ही वर्ष 2024–25 में पी.डी.खाता संख्या–723 (ब्याज रहित) मद में सांकेतिक राशि का प्रावधान रखा गया है।

❖ विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2003–04 से वित्तीय वर्ष 2018–19 तक के लेखों का महालेखा परीक्षा द्वारा एवं 2021–22 तक का स्थानीय अंकेक्षण विभाग द्वारा ऑडिट किया जा चुका है।

## 5. वित्तीय प्रबन्ध :

विश्वविद्यालय को मुख्यतः परीक्षा शुल्क, सम्बद्धता शुल्क एवं विश्वविद्यालय की जमा राशि पर ब्याज से आय प्राप्त होती है। वर्ष 2024–25 में निम्नलिखित मदों में आय का प्रावधान रखा गया है :–

| क्र.स. | मद | प्रावधान राशि अनुमानित (लाखों में) |
|---|---|---|
| 1 | परीक्षा एवं नामांकन शुल्क | 7500.00 |
| 2 | सम्बद्धता एवं निरीक्षण शुल्क | 1000.00 |
| 3 | पुनर्मूल्यांकन शुल्क | 300.00 |
| 4 | पीएच.डी. पंजीयन शुल्क | 100.00 |
| 5 | उपयोग उत्तरपुस्तिका एवं रद्दी की निलामी | 50.00 |
| 6 | एफ.डी. पर ब्याज | 2500.00 |
| 7 | गेस्ट हाउस एवं बैंक का किराया | 16.00 |
| 8 | विश्वविद्यालस वाहनों से प्राप्ति | 3.00 |
| 9 | खेलकूद शुल्क | 50.00 |
| 10 | प्रवेश शुल्क | 60.00 |
| 11 | रायल्टी से प्राप्ति | 0.50 |
| 13 | विविध प्राप्तियाँ | 89.50 |
| 14 | एस.एफ.एस से प्राप्त आय | 155.00 |
| | कुल आय | **11824.00** |

विश्वविद्यालय कोष में उपलब्ध आधिक्य राशि को राष्ट्रीयकृत बैंक (पंजाब नेशनल बैंक) में सावधी के रूप में जमा करा रखी है। उक्त सावधी जमा राशि से प्राप्त ब्याज राशि को दैनिक खर्चों एवं संस्थागत विकास के कार्यों में उपयोग में लिया जाता है।

6. <u>विश्वविद्यालय के विभागों एवं संघटक महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के नामांकन</u> :

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर का कोई भी संघटक महाविद्यालय नहीं है। वर्तमान में विश्वविद्यालय द्वारा 12 विभाग एवं स्ववित्तपोषी योजनान्तर्गत 13 पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे है। वर्ष 2024—25 में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या निम्नानुसार है :—

<u>नियमित पाठ्यक्रम (2024—25)</u>

| पाठ्यक्रम का नाम | स्वीकृत सीट | सेमेस्टर-I/ पार्ट-I | सेमेस्टर-III/ पार्ट-II | सेमेस्टर-V/ पार्ट-III | सेमेस्टर-VII | सेमेस्टर-IX | कुल | रिक्त सीटे |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्नातकोत्तर कम्प्यूटर विज्ञान | 30 | 30 | 26 | - | - | - | 56 | 00 |
| स्नातकोत्तर व्यवसायिक प्रशासन | 40 | 37 | 18 | - | - | - | 55 | 03 |
| एम.बी.ए. | 30 | 09 | 10 | - | - | - | 19 | 21 |
| स्नातकोत्तर चित्रकला | 20 | 20 | 16 | - | - | - | 36 | 00 |
| स्नातकोत्तर अंग्रेजी | 40 | 26 | 15 | - | - | - | 41 | 14 |
| स्नातकोत्तर डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन | 20 | 18 | - | - | - | - | 18 | 02 |
| स्नातकोत्तर पर्यावरण विज्ञान | 20 | 14 | 11 | - | - | - | 25 | 06 |
| स्नातकोत्तर डिप्लोमा जियोइन्फॉर्मेटिक्स और रिमोट सेंसिंग | 20 | 09 | - | - | - | - | 09 | 11 |
| स्नातकोत्तर भूगोल | 40 | 39 | 25 | - | - | - | 64 | 01 |
| स्नातकोत्तर इतिहास | 40 | 40 | 26 | - | - | - | 66 | 00 |
| विधि स्नातक | 60 | 60 | 48 | 48 | - | - | 156 | 00 |
| पांच वर्षीय बी.ए. एल एल.बी. इन्टीग्रेटेड | 60 | 60 | 62 | 51` | 29 | 41 | 243 | 00 |
| स्नातकोत्तर सूक्ष्म जीव विज्ञान | 30 | 30 | 30 | - | - | - | 60 | 00 |
| | | | | | | कुल | **848** | |

<u>स्ववित्तपोषी पाठ्यक्रम (2024—25)</u>

| पाठ्यक्रम का नाम | स्वीकृत सीट | सेमेस्टर-I/ पार्ट-I | सेमेस्टर-III/ पार्ट-II | पार्ट-III | Total | Vacant |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान | 30 | 26 | 26 | | 52 | 04 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बी.ए. आनर्स भूगोल | 80 | 51 | 50 | 31 | 132 | 29 |
| बी.ए. आनर्स इतिहास | 80 | 77 | 54 | 68 | 199 | 03 |
| एल एल.एम. | 120 | 120 | 110 | | 230 | 00 |
| स्नातकोत्तर कम्प्यूटर विज्ञान लेटरल एंट्री | 40 | 33 | - | - | 33 | 07 |
| स्नातकोत्तर योगा एण्ड थेरेपी मैनेजमेंट | 40 | 35 | 16 | - | 51 | 05 |
| स्नातकोत्तर जैव प्रौद्योगिकी | 20 | 11 | 15 | - | 26 | 09 |
| स्नातकोत्तर डिप्लोमा कम्प्यूटर विज्ञान | 40 | 40 | - | - | 40 | 00 |
| स्नातकोत्तर राजस्थानी | 40 | 40 | 22 | - | 62 | 00 |
| स्नातकोत्तर डिप्लोमा लिगल एण्ड फोरेंसिक साइंस | 40 | 18 | - | - | 18 | 22 |
| स्नातकोत्तर जन्तु विज्ञान | 30 | 27 | - | - | 27 | 03 |
| स्नातकोत्तर शारीरिक शिक्षा एवं खेल | 20 | 20 | - | - | 20 | 00 |
| स्नातकोत्तर डिप्लोमा योगा एवं प्राकृतिक चिकित्सा | 80 | 80 | 50 | - | 130 | 00 |
| | | | | कुल | **1020** | |

## 7. वित्तीय वर्ष 2024–25 की महत्त्वपूर्ण उपलब्धियाँ :

- ❖ खोई हुई विरासत थीम' के साथ नववर्ष 2024 के कैलेंडर का विमोचनः महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा नव वर्ष 2024 में नवाचार करते हुए 'खोई हुई विरासत थीम' के साथ यूनिविर्सिटी कैलेंडर तैयार किया गया जिसमें इतिहास, पर्यावरण, जन और जीव संरक्षण के भाव निहित करते हुए विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार की अनेदखी लेकिन महत्वपूर्ण विरासत एवं संस्कृति के कुछ अंशों को सम्मिलित किया गया। नववर्ष 2024 को विश्वविद्यालय कैलेंडर का विमोचन माननीय कुलपति महोदय द्वारा दिनांक 01 जनवरी, 2024 को किया गया।
- ❖ बॉक्सिंग प्रतियोगिता में एम.जी.एस.यू. विजेता – चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की अंतर विश्वविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की खिलाड़ी कल्पना चौधरी और पूनम ने स्वर्ण पदक, निकिता ने रजत पदक एवं अंजू, रीना व महताब बिश्नोई ने कांस्य पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया।
- ❖ स्नातक प्रथम वर्ष सेमेस्टर प्रथम की परीक्षाओं का आयोजन : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसरण में विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2023–24 से स्नातक स्तर प्रथम वर्ष में सेमेस्टर प्रणाली लागू की गई। उक्त प्रणाली के तहत प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं जनवरी माह से प्रारम्भ करवाई गई।
- ❖ दक्षिण कोरिया के शिक्षाविद् चित्रकार बे सुंग वॉन ने दिनांक 10–01–2024 को इतिहास विभाग के विद्यार्थियों से संवाद कर भारतीय विश्वविद्यालयों की शिक्षा पद्धति व अध्यापन शैली से रूबरू होते हुए भारतीय सांस्कृति मूल्यों की सराहना की गई।
- ❖ स्वामी विवेकानन्द जी के आदर्शो को अपने जीवन में उतारने का दिया संदेश : – विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 12 जनवरी, 2024 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन कर स्वामी विवेकानन्द जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- ❖ भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद एवं महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन : – विश्वविद्यालय में दिनांक 20–21 जनवरी, 2024 को ''ट्रांसफॉर्मेटिव जर्नी ऑफ भारत ड्यूरिंग लास्ट डिकेड'' विषय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्तर के शिक्षाविद् प्रो. संजीव कुमार शर्मा, प्रो. कौशल किशोर मिश्रा, प्रो. अजमेर सिंह मलिक सहित विश्वविद्यालय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित के विचारों से विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को परिचित कराने का अवसर प्राप्त हुआ।

❖ सुभाष पार्क बनाने की घोषणा : – नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की जंयती के अवसर पर दिनांक 23 जनवरी, 2024 को नेताजी के स्वतंत्रता संग्राम में दिये गए योगदान को याद करते हुए राष्ट्रीय परिसंवाद आयोजित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने विश्वविद्यालय परिसर में सुभाष पार्क बनाने की घोषणा की गई।

❖ पर्सनेलिटी डेवलपमेंट व कम्युनिकेशन स्किल्स पर दिवसीय कार्यशाला का आयोजन : – विश्वविद्यालय में दिनांक 24–27 जनवरी, 2024 को व्यक्तिगत कौशल विकास एवं संप्रेषण कौशल विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माननीय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने व्यक्तित्व विकास में गुरू की भूमिका को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को अपने जीवन के अनुभव से अवगत कराया।

❖ विश्वविद्यालय को एनसीसी आर्मी विंग आवंटित : – विद्यार्थियों की बहु–प्रतीक्षित मांग को पूरा कराते हुए विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर द्वारा आर्मी विंग 53 वैकेन्सी आवंटित की गई।

❖ गांधीजी की स्मृति में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित : – 30 जनवरी, 2024 को विश्वविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की। विश्वविद्यालय के अहिंसा स्मारक में माननीय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने विद्यार्थियों से गांधी जी के मूल्यों को समझने व उनका अनुसरण करने का संदेश दिया।

❖ पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा का आयोजन : महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा 08 फरवरी, 2024 को पीएच.डी. कोर्स हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाई गई। विभिन्न विषयों में 515 सीटों के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में 3546 अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

❖ पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा 2023 के सफलतम अभ्यर्थियों का प्रथम चरण का कोसवर्क ऑफलाइन/ऑनलाइन माध्यम से कार्य पूर्ण करवाकर द्वितीय चरण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है।

❖ परीक्षा 2024 में वार्षिक प्रणाली के आधार पर 320168 एवं सेमेस्टर प्रणाली के आधार पर 110028 कुल 430196 विद्यार्थी पंजीकृत हुए।

❖ इतिहास जानने का विश्व का सबसे प्रामाणिक माध्यम हैं राजस्थानी ख्यातें – महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के संग्रहालय एवं प्रलेखन केन्द्र के तत्वावधान में दिनांक 07 फरवरी, 2024 को राजस्थानी ख्यातें : इतिहास जानने के एक महत्वपूर्ण स्रोत' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने राजस्थानी ख्यातों के ऐतिहासिक महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला के अध्यक्ष माननीय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने विद्यार्थियों से कहा कि अब तक लिखा गया इतिहास विजेताओं द्वारा लिखा गया है इसलिए राजस्थानी ख्यातों के आलोक में इतिहास का पुनर्लेखन आवश्यक है।

❖ महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय और राजस्थान प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र मिल कर करेंगे शोध कार्य : विश्वविद्यालय के योगा पाठ्यक्रम के माध्यम से राजस्थान प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र, बीकानेर संयुक्त रूप से प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर संयुक्त रूप से कार्ययोजना बनाकर शोध कार्य करेंगे।

❖ पीएम उषा योजना के तहत महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर को 20 करोड़ के अनुदान की घोषणा : पीएम उषा योजना के तहत महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर को राशि रू. 20 करोड़ के अनुदान की घोषणा की गई जिसका वर्चुअल लोकार्पण माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिनांक 20 फरवरी, 2024 को किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय कानून एवं विधि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अर्जुनराम मेघवाल एवं क्षेत्रीय विधायक श्री जेठानन्द व्यास उपस्थित रहें। उक्त अनुदान के माध्यम से विश्वविद्यालय में अकादमिक, शोध और भौतिक संसाधनों में अभिवृद्धि होगी जिससे विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं को हाईटेक किया जाएगा।

❖ महाराजा गंगा सिंह स्मृति व्याख्यान का आयोजन : – विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के माध्यम से दिनांक 21 फरवरी, 2024 को ''महाराजा गंगा सिंह स्मृति व्याख्यान'' का आयोजन हुआ। उक्त व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणासी के वरिष्ठ आचार्य प्रो. प्रवेश भारद्वाज एवं महाराजा गंगा सिंह ट्रस्ट, बीकानेर की अध्यक्षा राज्यश्री कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

❖ एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन : – विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से दिनांक 26 फरवरी, 2024 को गोदित गांव स्वरूपदेसर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारियों द्वारा ग्रामवासियों को ''मेरा मत मेरा भविष्य'' विषय पर मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक किया । इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा गांव में स्थित राजकीय विद्यालय में विद्यार्थियों के ग्रीन ग्लास बोर्ड उपलब्ध करवाये गए तथा गांव में स्थित अमृत सरोवर की साफ–सफाई भी करवाई गई।

❖ उत्तिष्ठ भारत विचार मंथन कार्यक्रम का आयोजन : – विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण के माध्यम से दिनांक 28 फरवरी, 2024 को ''उत्तिष्ठ भारत विचार मंथन'' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उक्त कार्यक्रम में वाराणासी की सेवाज्ञ संस्थानम् के संरक्षक पूज्य मिथिलेशनंदिनीशरण जी महाराजा एवं श्री लालेश्वर महादेव मठ शिवबाड़ी के अधिष्ठाता स्वामी विमर्शानन्द गिरी जी महाराजा के विचारों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया गया। इस अवसर पर श्रेत्रीय विधायक श्री जेठानन्द जी व्यास भी उपस्थित रहे।

❖ भारत के 75 वें गणतंत्र वर्ष के उपलक्ष्य में ''हमारा संविधान–हमारा सम्मान'' कार्यक्रम का आयोजन : महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 09 मार्च, 2024 (शनिवार)

को भारत के 75 वें गणतंत्र वर्ष के उपलक्ष्य में ''मेरा संविधान–हमारा सम्मान'' अभियान के तहत राजकीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डॉ. धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ मुख्य अतिथि के रूप में एवं माननीय केन्द्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री श्री अर्जुनराम जी मेघवाल सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

- ❖ एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन : – विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से दिनांक 15 मार्च, 2024 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन कर नशा मुक्ति जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर की साफ–सफाई की। इस अवसर पर जागरूक महिला सुरक्षित महिला विषय पर परिचर्चा का आयोजन करवाया गया।
- ❖ स्थापना सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन : महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के 21 वें स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा नवाचार करते हुए शैक्षणिक एवं सह–शैक्षणिक स्तर पर उत्कृष्ट विद्यार्थी को ''महाराजा गंगा सिंह अवार्ड'' एवं खेलकूद क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को ''महाराजा करणी सिंह खेल अवार्ड'' प्रदान करने का शुभारम्भ माननीय राज्यपाल महोदय के माध्यम से किया गया है। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा 01 जून से 07 जून, 2024 तक स्थापना सप्ताह आयोजित किया गया। उक्त सप्ताह में विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की सह–शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा सम्मानित किया गया।
- ❖ विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन : – 05 जून, 2024 को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया जिसमें बीकानेर पश्चिम के माननीय विधायक श्री जेठानन्द व्यास एवं माननीय कुलपति महोदय के नेतृत्व में परिसर में पौधारोपण किया गया।
- ❖ विद्यार्थी रोज़गार पाने के इच्छुक बनने के बजाय देने वाले बनें : – 07 जून, 2024 को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के अष्टम दीक्षान्त समारोह में माननीय कुलाधिपति महोदय ने पदक एवं उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के आलोक में देशभर में ऐसा वातावरण निर्मित करें जिसमें विद्यार्थी रोज़गार पाने के इच्छुक बनने के बजाय रोज़गार देने वाले बन सके। इस अवसर पर माननीय कुलाधिपति महोदय द्वारा पदक एवं उपाधियां प्रदान की गई।
- ❖ भारतीय इतिहास परम्परा और पर्यावरण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन : इतिहास विभाग, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर एवं भारतीय इतिहास संकलन समिति के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 27–28 जून, 2024 को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. बालमुकुन्द पाण्डे एवं विश्वविद्यालय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने भारतीय इतिहास परम्परा एवं पर्यावरण विषय पर विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

❖ रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से शिविर का आयोजन : बीकानेर स्थिति रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा दिनांक 28 जून, 2024 को विश्वविद्यालय में जांच एवं चिकित्सीय सलाह शिविर का आयोजित कर विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय कार्मिकों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की।

❖ ''एक विद्यार्थी–एक पेड़ अभियान का आयोजन : महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा माननीय राज्यपाल महोदय की भावनानुसार ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा जिलेवार सम्बद्ध महाविद्यालयों में ''एक विद्यार्थी–एक पेड़'' की संकल्पना के आधार पर विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कराये गए।

दिनांक 11–07–2024 को प्रातः 08:00 बजे विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर 11 हजार नवीन पौधे लगाने के अभियान का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात प्रातः 11:00 बजे बेबी हैप्पी महाविद्यालय, हनुमानगढ़ में हनुमानगढ़ में स्थापित सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से वृक्षारोपण करवाया गया। सांय 03:00 बजे श्रीगंगानगर जिले में स्थापित सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ सूरतगढ़ पी.जी. महाविद्यालय, सूरतगढ में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

❖ पर्यावरण पखवाड़ा आयोजन : – विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 15 जुलाई से 31 जुलाई, 2024 की अवधि में ''पर्यावरण पखवाड़ा'' आयोजित करवाया गया।

❖ दक्ष युवाओं को रोज़ागर के अवसर प्राप्त हो : – 20 जुलाई, 2024 को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के कैरियर काउंसलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट सेल के द्वारा ''शिक्षा–उद्योग इन्टरफेस'' कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर बीकानेर शहर के उद्योग जगत से जुड़े उद्यमियों के साथ विचार–विमर्श किया गया। माननीय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने कहा कि दक्षता के आधार पर विद्यार्थी को रोज़गार के अवसर प्राप्त हो जाएंगे परन्तु नीचे के स्तर के विद्यार्थी को भी रि–साईक्लिंग के माध्यम से सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के समकक्ष लाने की चुनौति हम सब के सामने है।

❖ विकसित भारत– विकसित राजस्थान 2047 की परिकल्पना पर राजस्थान के पश्चिमी रेगीस्तानी क्षेत्र के विकास के लिए कार्यशाला का आयोजन : 23–24 जुलाई, 2024 को महाराजा गंगा सिंह सत्त विकास शोधपीठ एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत–विकसित राजस्थान की परिकल्पना पर राजस्थान के पश्चिमी रेगीस्तानी क्षेत्र के विकास के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में पश्चिमी राजस्थान के क्षेत्र, वनस्पतियों, जीवों, संस्कृति एवं विरासत के बारे में विशेषज्ञों द्वारा सुझाव प्रस्तुत किये गए।

❖ ''शिक्षक दिवस का आयोजन : महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा 05 सितम्बर, 2024 को शिक्षक दिवस के शुभ–अवसर पर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय महाविद्यालयों से सत्र 2024–25 में सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों एवं

विश्वविद्यालय में पदस्थापित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

- ❖ योग पर व्याख्यान का आयोजन : महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के योग विभाग द्वारा व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित चेयरमेन ऑफ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉलीस्टीक हैल्थ, दिल्ली के डॉ. विनोद कश्यप ने योग महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयं के भीतर अत्यात्मिक शक्ति को जागृत करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।
- ❖ पहचान को जीवित रखने के लिए युवाओं से मातृभाषा की ओर लौटने का आह्वान : महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के राजस्थानी पाठ्यक्रम द्वारा भामाशाहों का सम्मान करते हुए राजस्थानी भाषा विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।
- ❖ ''गांधी जयन्ती का आयोजन : महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा 02 अक्टूबर, 2024 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को गांधी जी के विचारों से अवगत कराते हुए स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर परिसर के विभिन्न स्थलों पर साफ–सफाई का कार्य किया गया।
- ❖ गोल मेज सम्मेलन का आयोजन : वर्ष 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ की तैयारियों के संबंध में दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 को गोलमेज सम्मेलन आयोजन करवाया गया जिसमें बीकानेर एवं बाहर से पधारे शिक्षाविद्, साहित्यकारों, पत्रकार आदि क्षेत्र के विद्वानों ने अपने विचारों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।
- ❖ मेस्टुअल हाइजीन पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन : महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के महिला अध्ययन केन्द्र के तत्वावधान में ''उडान, ब्रेकिंग बैरियर्स, बिल्डिंग फ्यूचर्स मेस्टुअल हैल्थ फॉर ऑल'' विषय पर दिनांक 04–10–2024 को विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अनुराधा सक्सेना, डिप्टी डॉयरेक्टर महिला एवं बाल कल्याण विकास द्वारा महिलाओं को जानकारी प्रदान की गई।
- ❖ महाराजा गंगा सिंह जी जयंती का आयोजन :– : महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के इतिहास विभाग एवं संग्रहालय एवं प्रलेखन केन्द्र के तत्वावधान में महाराजा गंगा सिंह की जयन्ती के अवसर पर विस्तार व्याख्यान आयोजित हुआ जिसमें बीज वक्ता की भूमिका में राजस्थान राज्य अभिलेखागार के डॉयरेक्टर डॉ. नितिन गोयल उपस्थित हुए। इस अवसर पर महाराजा गंगा सिंह के व्यक्तित्व और उपलब्धियों पर विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।
- ❖ एम.जी.एस.यू. में पुष्प गुच्छ के स्थान पर पुस्तकें होगी भेंट :– : महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर माननीय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित जी की प्रेरणा से समारोह एवं कुलपति महोदय से मिलने आने वाले आगन्तुकों से पुष्पगुच्छ के स्थान पर पुस्तकें भेंट स्वरूप ली जाएगी जिनका उपयोग

विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए की जाएगी।

- ❖ युवा शक्ति के माध्यम से विकसित भारत का सपना होगा साकार :– : महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर एवं भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 17 अक्टूबर, 2024 को ''विकसित भारत /2047'' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी अयोजित हुई। इस अवसर पर भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद् की अध्यक्ष प्रो. गीतांजलि दास, महासचिव प्रो. संजीव कुमार शर्मा एवं विश्वविद्यालय कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित जी ने विचार प्रस्तुत किये।
- ❖ भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद् के अधिवेशन का आयोजन :– : महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में दिनांक 18–19 अक्टूबर, 2024 भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद् का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित हुआ। राष्ट्रीय अधिवेशन में लगभग 1300 विख्यात शिक्षाविद्ों ने भाग लिया जिसमें 36 तकनीकी सत्र आयोजित हुए।
- ❖ संविधान लागू होने के 75 वें वर्ष के उपलक्ष्य में 26 नवम्बर, 2024 को संविधान दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीकानेर के माननीय जिला एवं सैशन न्यायाधीश श्री अतुल कुमार सक्सेना द्वारा संविधान की महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही विधि विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा इस वर्ष में 75 कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।
- ❖ 29 नवम्बर, 2024 को अधिष्ठाता, छात्र कल्याण द्वारा एक दिवसीय आई स्टार्ट राजस्थान विषयक पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा राजस्थान सरकार के बिजनेस स्टार्टअप अभियान के बारे में विद्यार्थियों के साथ संवाद किया।
- ❖ विश्वविद्यालय के सेन्टर फॉर इन्क्यूबेशन के माध्यम से दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 को राजस्थान सरकार द्वारा जयपुर में आयोजित ''राइजिंग राजस्थान'' में भाग लेकर 60 विद्यार्थियों ने स्टार्टअप पॉलिसी का लाभ प्राप्त किया।
- ❖ दिनांक 12–14 दिसम्बर, 2024 की अवधि में विश्वविद्यालय में अधिष्ठात–छात्र कल्याण द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु अंतर महाविद्यालय यूथ महोत्सव–2024 का आयोजन करवाया गया। महोत्सव में खेलकूद, सांस्कृतिक एवं साहित्य प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई।

## <u>खेलकूद उपलब्धियाँ</u>

- ❖ महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर खेलों में राज्य में अग्रणी रहा हैं, इसी क्रम में सत्र 2023–24 के राष्ट्रीय स्तर के अंतर विश्वविद्यालय खेलकूद एवं खेलों इण्डिया विश्वविद्यालय खेलों में 06 स्वर्ण पदक, 08 रजत पदक

एवं 13 कांस्य पदक कुल **27 पदक** प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई।

विश्वविद्यालय की दो खिलाड़ियों **मानव सारडा एवं कविता सिहाग वर्ल्ड यूनिवर्सिटी साईक्लिंग चैम्पियनशिप, कोस्टा रिका** के लिए चयनित होकर विश्वविद्यालय को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। विश्वविद्यालय के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में ऑवर आल चैंपियन रही, जिसमें मुक्केबाजी (महिला) में प्रथम स्थान, साइक्लिंग (महिला/पुरूष) दोनों में द्वितीय स्थान, तीरंदाजी (महिला/पुरूष) में द्वितीय स्थान, क्वान किडो (महिला/पुरूष) में तृतीय स्थान, ताईक्वोंडो (पुरूष) में तृतीय स्थान, बासकेटबॉल महिला में द्वितीय स्थान एवं हैंडबॉल महिला में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

**सत्र 2024–25** में दिसंबर 2024 तक आयोजित अंतर विश्वविद्यालयी प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय की 50 टीमों ने भाग लिया हैं। बॉक्सिग महिला एवं एथलैटिक्स महिला खेल में क्रमशः निकिता एवं अंताक्षरी ने स्वर्ण पदक, निर्मला ने एथलैटिक्स महिला में रजत पदक, सुनिता एवं मंजिता ने क्रमशः बॉक्सिंग महिला व एथलैटिक्स महिला मे ंकांस्य पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई। अंतर विश्वविद्यालय पश्चिमी क्षेत्र महिला बॉस्केटबॉल एवं महिला बालीबॉल टीम ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। दक्षिण–पश्चिम क्षेत्र भारोत्तेलन ( पुरूष वर्ग) प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के खिलाड़ी ने स्वर्ण पदक एवं स्ट्रांग मैन का खिताब प्राप्त किया। साथ ही विश्वविद्यालय की खिलाड़ी कृष्णा ओझा ने दक्षिण–पश्चिम क्षेत्र भारोत्तेलन (महिला वर्ग) प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## 8. भावी योजना वित्तीय वर्ष (2025–26) :

- ❖ विश्वविद्यालय की आगामी शैक्षणिक यात्रा को योजनाबद्ध करने के उद्देश्य से **विज़न–2030** तैयार करवाया जा रहा है।
- ❖ विश्वविद्यालय में नवीन रोज़गारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का प्रारम्भ करना ताकि स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हो सके।
- ❖ समस्त संकायों का समावेश करते हुए विश्वविद्यालय परिसर में नवीन विभागों की स्वीकृति प्राप्त कर संचालन करना।
- ❖ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की प्रशासनिक एवं शैक्षणिक ऑडिट कराने का प्रावधान।
- ❖ NEP-2020 को विश्वविद्यालय में प्रभावी रूप से लागू करना।

- ❖ विश्वविद्यालय में विकास परिषद (सी.डी.सी.) एवं मानव संसाधन विकास केन्द्र(एच.आर.डी.सी.–शिक्षकों/कार्मिकों के उन्नयन एवं गुणवत्ता बनाये रखने के लिए) की स्थापना।
- ❖ विश्वविद्यालय में नव–स्थापित सेन्टर्स को सम्बन्धित क्षेत्र में स्थापित उपक्रमों से सम्पर्क स्थापित कर क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर विकसित करना।
- ❖ अन्तर्विषयक शोध के माध्यम से विश्वविद्यालय औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देना।
- ❖ विश्वविद्यालय में पारदर्शिता को सुनिश्चित करने व छात्रों की सुविधा हेतु प्रशासनिक व परीक्षा संबंधी कार्यों का डिजिटलाइज़ेशन का कार्य सम्पूर्ण कराना।
- ❖ विश्वविद्यालय में स्वीकृत शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक संवर्ग के पदों पर नियुक्ति प्रदान करने की योजना।
- ❖ विश्वविद्यालय द्वारा Placement Policy निर्धारित कर विद्यार्थियों को उनकी योग्यतानुसार भारत सरकार एवं राज्य सरकार की रोज़गारोन्मुखी योजनाओं यथा Startup India, Stand up India, Make in India इत्यादि के अनुरूप स्व–रोज़गार के लिए सहायता उपलब्ध कराने की योजना।
- ❖ राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर शैक्षणिक एवं शोध कार्यो की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना।
- ❖ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के पुस्तकालयों को ऑनलाइन माध्यम से जोड़कर विद्यार्थियों की सुविधाओं में विस्तार करना।
- ❖ विश्वविद्यालय में केन्द्रीय शोध केन्द्र की स्थापना कर सम्बद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को शोध कार्य के लिए सुविधा उपलब्ध करवाना।
- ❖ विश्वविद्यालय परिसर को ''ग्रीन एवं प्रदूषण मुक्त'' बनाने का कार्य।

(हरि सिंह मीना)
कुलसचिव